Arth Parkash 22-2-26

चंडीगढ़ में गोस्वामी कॉलेज गणेश दत्त सनातन धर्म में भव्य अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस समारोह

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़, 21 फ़रवरी। गोस्वामी कॉलेज गणेश दत्त सनातन धर्म में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस 2026 उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर हरियाणा और चंडीगढ़ के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया और मातृभाषा के संरक्षण तथा संवर्धन पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम की शुरुआत दीपप्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। उपस्थित शिक्षकों और साहित्यकारों ने मातृभाषा की पहचान, संस्कृति और व्यक्तिगत विकास में इसके महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को मातृभाषा के संरक्षण और सम्मान का संदेश दिया।

पुरस्कार विजेताओं की सूची : प्रथम पुरस्कार, सनातन धर्म कॉलेज, चंडीगढ़

द्वितीय पुरस्कार ङ्क प्रखर त्रिपाठी, जी.डी.एस.डी. कॉलेज, राणा

तृतीय पुरस्कार ङ्क अश्वनीत सिंह, गांधी मेमोरियल कॉलेज, अंबाला कैंट

प्रदर्शनी पुरस्कार ङ्क नुम्न कॉलेज, अंबाला कैंट

कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों की समझ, सृजनात्मकता और आत्मविकास को प्रोत्साहित करते हैं।